भी प्रकार की सहायता प्रदाय नहीं किये जा सकने के कारण आवेदक द्वारा प्रस्तुत निगरानी निरस्त किये जाने योग्य है ।

(6) अनावेदक क्रमांक 2 को विधि एवं प्रक्रिया के अनुसार उक्त भूमि पर स्वत्व व अधिकार प्राप्त न होने के कारण नायब तहसीलदार द्वारा किया गया नामांतरण आदेश अवैध व शून्य होने से अनुविभागीय अधिकारी द्वारा नामांतरण आदेश निरस्त किया गया है । अनावेदक क्रमांक 1 का विक्रय पत्र पूर्व का होने से तथा जिस दिनांक को डिक्री पारित की गई है, उक्त दिनांक को आवेदक उक्त भूमि का भूमिस्वामी नहीं होने के कारण अनावेदक क्रमांक 1 नामांतरण कराने का अधिकारी है, अतः अनावेदक क्रमांक 1 का नामांतरण स्वीकृत किया जाये ।

(7) अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अनावेदक क्रमांक 2 का नामांतरण आदेश अनावेदक क्रमांक 1 द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं रिकार्ड से यह पाते हुए कि आवेदक को उक्त भूमि पर दिनांक 11-2-2002 को ही सारे हक समाप्त हो चुके थे, इसलिए आवेदक को उक्त भूमि अनावेदक क्रमांक 2 को विक्रय करने का कोई अधिकार नहीं होने से अनावेदक क्रमांक 2 के हक में किये गये नामांतरण निरस्त करने में कोई वैधानिक भूल नहीं की गई है, इसलिए अनावेदक क्रमांक 1 के हक में किया गया नामांतरण आदेश 7-7-2004 स्थिर रखने के आदेश दिये जायें ।

(8) राजस्व न्यायालय को विक्रय पत्र की वैधता की जांच करने का अधिकार नहीं है और अनावेदक क्रमांक 1 के हक में निष्पादित विक्रय पत्र को आज दिनांक तक किसी भी न्यायालय द्वारा निरस्त नहीं किया गया है तथा व्रूवहार न्यायालय का निर्णय दिनांक 26-8-2004 में अनावेदक क्रमांक 1 के हक में निष्पादित विक्रय पत्र के संबंध में कोई निर्णय पारित नहीं किये जाने के कारण व्यवहार न्यायालय की डिक्री के आधार पर अनावेदक क्रमांक 1 के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ने के कारण अनावेदक क्रमांक 1 का नामांतरण स्वीकार किया जाये ।

(9) आवेदक को इस न्यायालय में निगरानी प्रस्तुत करने का अधिकार नहीं है, क्योंकि आवेदक द्वारा पूर्व में पारित आदेशों के संबंध में कोई अपील प्रस्तुत नहीं की गई है, जबकि प्रश्नाधीन भूमि के संबंध में पूर्व में राजस्व मण्डल तक प्रकरण चला था ।

5/ अनावेदक क्रमांक 2 के विद्वान अभिभाषक द्वारा आवेदक की ओर से प्रस्तुत तर्कों का समर्थन किया गया ।

6/ अनावेदक क्रमांक 3 शासन के विद्वान अभिभाषक द्वारा मुख्य रूप से तर्क प्रस्तुत किया गया कि पट्टेदार आवेदक द्वारा बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये पट्टे की भूमि का

